CCE-III-RR/PR/NSR/NSPR(B)/222/9232

**B**

ಆಗಸ್ಟ್ 2024 ರ ಪರೀಕ್ಷೆ-3

**AUGUST 2024 EXAMINATION-3**

ಒಟ್ಟು ಮುದ್ರಿತ ಪುಟಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 12 ]

Total No. of Printed Pages : 12 ]

ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶ್ನೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 38 ]

Total No. of Questions : 38 ]

**ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : 85-H**

**Code No. : 85-H**

**CCE RR/PR/ NSR/NSPR**

**Reduced Syllabus**

Question Paper Serial No.

# ವಿಷಯ : ಸಮಾಜ ವಿಜ್ಞಾನ

# Subject : SOCIAL SCIENCE

**( ಹಿಂದಿ ಭಾಷಾಂತರ/ Hindi Medium )**

**(ಶಾಲಾ ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / ಖಾಸಗಿ ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / ಎನ್.ಎಸ್.ಆರ್. / ಎನ್.ಎಸ್.ಪಿ.ಆರ್.)**

**(Regular Repeater / Private Repeater / NSR / NSPR)**

ದಿನಾಂಕ : 06. 08. 2024 ] [ Date : 06. 08. 2024

ಸಮಯ : ಬೆಳಗ್ಗೆ 10-15 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ್ನ 1-30 ರವರೆಗೆ ] [ Time : 10-15 A.M. to 1-30 P.M.

ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 80 ] [ Max. Marks : 80

***परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :***

**Cut here/ಇಲ್ಲಿ ಕತ್ತರಿಸಿ**

1. इस प्रश्नपत्र में कुल 38 प्रश्न हैं।
2. यह प्रश्नपत्र रिवर्स जैकेट द्वारा सील किया हुआ है । परीक्षा प्रारंभ होने के समय **आप प्रश्नपत्र के दाएँ भाग** को काटकर खोलें **(तीर का अनुसरण करें)। प्रश्नपत्र खोलने के लिए बायें भाग को न काटें।** जाँच करें कि प्रश्नपत्र के सभी पृष्ठ अक्षुण्ण हैं ।
3. प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें।
4. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं।
5. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने के 15 मिनट भी शामिल हैं।
6. आप यह सुनिश्चित कर लें कि आपको दिए गए प्रश्नपत्र का संस्करण (Version) और आपके प्रवेशपत्र में मुद्रित प्रश्नपत्र का संस्करण (Version) एक ही हो।

यहाँ से काटिए

**06. 08. 2024**

**TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER**

**प्रश्नपत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें**

**Tear here**

**I. निम्नलिखित प्रश्नों / अपूर्ण कथनों प्रत्येक के लिए चार विकल्प दिये गये हैं। उनमें केवल एक सही अथवा सबसे अधिक उपयुक्त है। सही विकल्प चुनकर पूर्ण उत्तर क्रमाक्षर सहित लिखें।** **8 × 1 = 8**

1. भारत में आधुनिक शिक्षा का आधार है

   (A) चार्ल्स वुड का सुझाव

   (B) पील आयोग का रिपोर्ट

   (C) न्यायिक सुधार

   (D) मैकाले का रिपोर्ट

2. चौरी-चौरा घटना के बाद गाँधीजी द्वारा वापस लिया गया आंदोलन है

   (A) सविनय अवज्ञा आंदोलन

   (B) खिलाफत आंदोलन

   (C) भारत छोड़ो आंदोलन

   (D) असहयोग आंदोलन

3. अंतरराष्ट्रीय संबंध के पोषण हेतु पंचशील सिद्धांत अपनाने वाले राष्ट्र हैं

(A) भारत – पाकिस्तान

(B) भारत – अमेरिका

(C) भारत – चीन

(D) भारत – रूस

4. स्वसहायता समूह की प्रतिष्ठा का उद्देश्य है

(A) नगरीय विकास

(B) स्त्री सशक्तिकरण

(C) औद्योगीकरण

(D) विदेशी व्यापार का प्रोत्साहन

5. भारत में सर्वोच्च बहुद्देशीय नदी घाटी योजना है

(A) भाखरा–नांगल योजना (B) कोशी योजना

(C) दामोदर नदी घाटी योजना (D) तुंगभद्रा योजना

6. लैटेराइट मृदा के सृजन हेतु दशा है

(A) नदियों द्वारा निक्षेप कार्य

(B) बैसाल्ट पत्थरों द्वारा अपक्षय

(C) उच्च ताप तथा उच्च वर्षा

(D) कार्बनिक पदार्थों का विघटन

7. वैश्विक मानव विकास रिपोर्ट के प्रकाशन हेतु उत्तरदायी संगठन है

(A) RBI (B) UNESCO

(C) UNICEF (D) UNDP

8. गिरिश ने किसी क्रय के लिए राष्ट्र उपभोक्ता आयोग को एक अभियोग किया है । उसके दावा का मूल्य होना चाहिए

(A) एक करोड़ से अधिक

(B) 20 लाख से एक करोड़ के बीच

(C) 10 लाख से कम

(D) 10 लाख से 20 लाख के बीच

**II. निम्नलिखित प्रश्नों के प्रत्येक उत्तर एक वाक्य में दें :** **8 × 1 = 8**

9. पहला एंग्लो–मराठा युद्ध के अंत में किस समझौता पर हस्ताक्षर हुआ ?

10. 1953 में फजल अली की अध्यक्षता में क्यों आयोग बनाये गये थे ?

11. नेल्सन मंडेला को क्यों अफ्रीकी गाँधी कहा जाता है ?

12. साइलेंट वैली आंदोलन की शुरुआत ( launch ) क्यों हुई थी ?

13. सामाजिक स्तरीकरण से क्या आशय है ?

14. गहन कृषि का क्या प्रयोग है ?

15. पंचायत संस्थाएँ किन सिद्धांतों पर कार्य करती हैं ?

16. उस बैंक खाता का नाम बताएँ जिसमें किसी भी संख्या में एक दिन में लेनदेन किया जा सकता है ।

**III. निम्नलिखित प्रश्नों के प्रत्येक उत्तर दो से चार वाक्यों / बिंदुओं में दें : 8 × 2 = 16**

17. आतंकवाद को रोकने हेतु भारत द्वारा किये गये उपायों की सूची बनायें ।

**अथवा**

भारतीय विदेश नीति के लक्ष्य क्या हैं ?

18. हम बेरोजगारी की समस्या का समाधान कैसे कर सकते हैं ?

**अथवा**

असंगठित क्षेत्र में कार्मिकों के सामने क्या-क्या चुनौतियाँ हैं ?

19. यूरोपवासियों के लिए भारत तक नया समुद्र मार्ग की खोज करना अपरिहार्य था ।

क्यों ?

20. स्वतंत्रता के बाद भारत के सम्मुख क्या समस्याएँ थीं ?

21. भारत की जलवायु को प्रभावित करने वाले घटक कौन से हैं ?

22. मृदा अपरदन कृषि उत्पादन को विपरीत रूप से प्रभावित करता है । कैसे ?

23. मानव विकास सूचकांक को स्पष्ट करें ।

24. संविधान का 73वाँ संशोधन के उद्देश्य क्या हैं ?

**IV. निम्नलिखित प्रश्नों के प्रत्येक उत्तर छह वाक्यों / बिंदुओं में दें :** **9 × 3 = 27**

25. ब्रह्म समाज की शिक्षा क्या हैं ?

**अथवा**

डॉ० एनी बेसेंट द्वारा समर्थित सुधार क्या हैं ?

26. संचार माध्यम के क्या महत्व हैं ?

**अथवा**

उद्योगों के स्थानीकरण को प्रभावित करने वाले घटकों को स्पष्ट करें ।

27. भारत को सशक्त बनाने के लिए ग्रामीण विकास अत्यावश्यक है । क्यों ?

**अथवा**

भारत का मानव विकास सूचकांक निम्न है । क्यों ?

28. प्रत्येक के जीवन में बैंक के क्रियाकलाप अत्यधिक आवश्यक है । क्यों ? सत्यापित करें ।

**अथवा**

1986 के उपभोक्ता सुरक्षा अधिनियम उपभोक्ताओं को सुरक्षा देती है । कैसे ?

29. हलगली के बेदाओं की क्रांति को स्पष्ट करें ।

30. गोवा किस प्रकार पुर्तगालियों से मुक्त हुआ ?

31. रूस के साथ भारत का संबंध को स्पष्ट करें ।

32. अस्पृश्यता दूर करने में किये गये संवैधानिक तथा कानूनी उपाय क्या हैं ?

33. पिछली रात में बंगाल की खाड़ी में एक अचानक निम्न दाब हुआ । तमिलनाडु सरकार द्वारा कौन से पूर्वोपाय करना चाहिए ?

V. **निम्नलिखित प्रश्नों के प्रत्येक उत्तर लगभग आठ वाक्यों / बिंदुओं में दें :** **4 × 4 = 16**

34. ब्रिटिश अवधि के दौरान पुलिस तंत्र में किये गये सुधारों को स्पष्ट करें ।

**अथवा**

भारतीय स्वतंत्रता के प्रथम युद्ध की विफलता के कारणों को स्पष्ट करें ।

35. भारतीयों के बीच राष्ट्रीय आंदोलन हेतु उत्प्रेरणा में बाल गंगाधर तिलक की निर्णायक भूमिका थी । सत्यापन करें ।

36. हाल के दिनों में स्त्रियों की स्थिति उन्नत हो रही है । सत्यापन करें ।

37. हम वनों का संरक्षण कैसे कर सकते हैं ?

**VI.** 38. **भारत का रेखा मानचित्र खींचकर निम्न को चिह्नित करें :** **1 + 4 = 5**

a) अरावली पर्वतश्रेणी

b) हीराकुड परियोजना

c) गेटवे ऑफ इंडिया

d) कोलार ।

**केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए विकल्प प्रश्न : ( प्रश्न सं० 38 के बदले में )**

बहुद्देशीय नदी घाटी परियोजनाओं के मुख्य उद्देश्यों का उल्लेख करें । **5**

DO NOT WRITE ANYTHING HERE